जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2020/349 दिनांक : 08/06/2020

/ / अधिसूचना / /

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा **B.A. LL.B. (5YDC) Xth Semester (For SOS & College - Regular, Ex & ATKT Students) Exam June, 2020** के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथियाॅ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं :–

क्र	परीक्षा विवरण	परीक्षा तिथि
1.	परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ अध्ययनशाला/महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	19-06-2020
2.	परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रुपये 500/– के साथ अध्ययनशाला/महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	22-06-2020
3.	परीक्षा आवेदन–पत्र अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	24-06-2020

परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :–

परीक्षा	नियमित	भूतपूर्व	बैक पेपर
B.A.LL.B. Xth Semester	1995/–	2295/–	550/– प्रति पेपर

1. अध्ययनशाला के परीक्षार्थियों के लिए –
   उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/– रू. भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/– रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/– रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है जो परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी।
2. महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए –
   उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/– रू. भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/– रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/– रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से नियमित परीक्षार्थी 145/– रू. तथा भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 165/– रू. की राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/– रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

परीक्षा के आवेदन-पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें आप एम0पी0ऑनलाईन के G2G लॉगिन आइडी से महाविद्यालय Approved के उपरांत डाउनलोड कर कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।

नोटः– परीक्षा आवेदन ऑनलाईन होने के पश्चात् तत्काल प्रभाव से समस्त छात्रों के आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अवश्य करें। आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन न होने की स्थिति में छात्र का प्रवेश–पत्र ऑनलाईन अपडेट नहीं किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. समस्त प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,जीविवि, ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि,ग्वालियर
5. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीविवि, ग्वालियर।
6. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंचार्ज इंटरनेट, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0/उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)